# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग फ़तेहपुर ।

पत्रांक 2684/ 27-5 दिनांक, फ़तेहपुर, मार्च , 28, 2017 ॥

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
कानपुर नगर।

विषय:- पुखराया –घाटमपुर-बिंदकी मार्ग (एस0एच0-46 ) के चौडीकरण हेतु कानपुर देहात में किमी0 0.000 से 21.000 तक 20.631 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 2026 वृक्षों के पातन, कानपुर नगर में किमी0 22.000 से 53.000 तक 29.586 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 2889 वृक्षों के पातन तथा फ़तेहपुर में किमी0 54.000 से 82.220 तक 25.3065 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 6743 वृक्षों के पातन कुल 75.5235 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग व उस पर अवस्थित 11658 वृक्षों के पातन की अनुमति।

सन्दर्भ:- मुख्य वन संरक्षक/ नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 1058/ पुखराया-घाटमपुर-बिंदकी मार्ग /17826/2016 दिनांक 17.11.2016।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र से इंगित कमियाँ जो इस प्रभाग से संबन्धित हैं का निराकरण निम्नानुसार प्रेषित है:-

| बिन्दु | आपत्तियों का विवरण | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2 | प्रभागीय निदेशक फ़तेहपुर की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट पर संस्तुति अंकित नहीं है। | स्थल निरीक्षण रिपोर्ट पर संस्तुति अंकित कर संलग्न है। |
| 6 | फ़तेहपुर का क्षतिपूरक वृक्षारोपण का विस्तृत प्राक्कलन संलग्न नहीं किया गया है। 10 वर्षों के अनुरक्षण एवं अनुमानित वृद्धि का समावेश करते हुये विस्तृत प्राक्कलन प्रस्ताव के साथ संलग्न करें। | क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवम 10 वर्षों तक अनुरक्षण हेतु धनराशि का आगणन मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 526/11-सी क्षतिपूरक वनीकरण, दिनांक 09.09.2016 से जारी सीलिंग दर के अनुसार किया गया है। छायाप्रति संलग्न है। |
| 7 | तीनों प्रभागों की क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की उपयुक्तता निर्धारित प्रारूप में संलग्न नहीं है। | क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की उपयुक्तता प्रमाण –पत्र निर्धारित प्रारूप में तैयार कर संलग्न है। |
| 8 | तीनों प्रभागों की प्रस्तावित वन भूमि की एन0पी0वी0 की गणना त्रुटिपूर्ण दर पर संलग्न है। ईको क्लास के अनुसार संशोधित गणना प्रस्ताव के साथ संलग्न करें। | एन0पी0वी0 कि गणना Eco Class- III एवम वानस्पतिक घनत्व 0.4 के अनुसार प्रति हे0 8.03 लाख कि दर से की गयी है। चार्ट छायाप्रति संलग्न है। |

संलग्नक:- उपरोक्तनुसार तीन प्रतियों में।

भवदीय

(मानिक चन्द्र यादव)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
फ़तेहपुर

संख्या 2684 /समदिनांक।

प्रतिलिपि वन संरक्षक/ क्षेत्रीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, इलाहाबाद वृत्त, इलाहाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि महा प्रबन्धक (तकनीकी) राज्य राजमार्ग प्राधिकरण गोमती नगर लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

28.3.17

(मानिक चन्द्र यादव)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
फ़तेहपुर